जागरण

प्रयागराज में बंद पड़ीं 10 कंपनियां खुलने से रोजगार के भी अवसर बढ़े, यूपीसीडा क्या कर रहा प्रयास

Author: **Brijesh Srivastava**

Publish Date: Wed, 08 Jun 2022 03:16 PM (IST) | Updated Date: Wed, 08 Jun 2022 03:16 PM (IST)

प्रयागराज के नैनी औद्योगिक क्षेत्र में कई वर्षों से जी-15 ब्लाक की बंद पड़ी बीआर कंप्यूटर यूपीसीडा के प्रयास के कारण खुल गई है। श्रीधनवंतरी इंडस्ट्री ब्राइट फोर हील बायो लैबोट्री भारत टेडर्स फ्यूचर प्लास्टिक इंडस्ट्री समेत अन्य कई फर्में पुन चालू हुई हैं। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

प्रयागराज, जागरण संवाददाता। प्रयागराज के औद्योगिक क्षेत्र नैनी की बंद कंपनियों को खुलवाने का प्रयास तेज कर दिया गया है। पिछले 10 माह में 10 से अधिक छोटी-बड़ी इकाइयों को खुलवाया गया है। कई ऐसी भी कंपनियां हैं जो अपने कारोबार को शिफ्ट कर चुकी हैं। ऐसे में उनके लिए आवंटित भूमि को वापस लेने या किसी अन्य उद्योग के लिए हस्तांतरित करने का प्रयास तेज हो गया है।

उद्योगों को नोटिस भेजकर बंद होने का पूछा जा रहा कारण : उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के आरएम प्रदीप सत्यार्थी ने बताया कि बंद हो चुके उद्योगों को नोटिस जारी कर उनसे बंद होने का कारण पूछा जा रहा है। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत 10 से अधिक बंद हो चुके उद्योगों को दोबारा से खोलने पर सहमति बनी है। इनमें कुछ के कारखाने शुरू हो गए हैं। इससे औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार की समस्या से कुछ राहत मिली है। साथ ही अन्य उद्योगों से भी संचालन में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली जा रही है।

बीआर कंप्यूटर समेत अन्य कई फर्म शुरू : नैनी औद्योगिक क्षेत्र में कई वर्षों से जी-15 ब्लाक की बंद पड़ी बीआर कंप्यूटर यूपीसीडा के प्रयास के कारण वापस से खुल गई है। इसके अलावा श्रीधनवंतरी इंडस्ट्री, ब्राइट फोर हील, बायो लैबोट्री, भारत टेडर्स, फ्यूचर प्लास्टिक इंडस्ट्री, एसवी इंजीनियर्स, वासू इंजीनियरिंग, महारानी पाईप्स, बीराज फूड टेक, धनलक्ष्मी फूड समेत अन्य कई फर्में पुन: चालू हुई हैं।

नहीं होगा उद्योग का संचालन तो भूमि होगी ट्रांसफर : आरएम प्रदीप सत्यार्थी ने बताया कि जिन उद्योगों को खोले जाने पर सहमति बन रही है, उनका संचालन दोबारा से शुरू करा दिया जाएगा। वहीं जिन उद्योगों के संचालन को लेकर सहमति नहीं बनेगी, उनकी औद्योगिक भूमि को वापस लेकर किसी और ट्रांसफर कर दिया जाएगा।